संचिका संख्या–25 / वि०स०प्र०(गो०)05–186 / 2026–

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

अनिल कुमार गुप्ता,
संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री भीष्म प्रताप सिंह, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18 / 3 / 323 के स्थानांतरण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक बिहार विधान सभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18 / 3 / 323 की मूलप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि मुख्य अभियंता, गोपालगंज का पत्रांक–2345 दिनांक–18.07.2026 द्वारा प्रतिवेदित है कि "सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखण्ड के नगर पंचायत मैरवा एवं ग्राम पंचायत राज बड़गॉव तथा बभनौली के चौर क्षेत्रों की जल निकासी सड़क के किनारे नाले से होते हुए विभिन्न ग्रामीण सड़को पर निर्मित पुलिया / हयूम पाईप, कलर्भट / बॉक्स कलर्भट के माध्यम से होते हुए प्राकृतिक रूप से निर्मित नाला के माध्यम से मैरवा में ही झरही नदी में मिल जाता है । वर्तमान में भोपतपुर के समीप मेडिकल कॉलेज के निर्माण हो जाने के वजह से नाला अवरूद्ध हो गया जिससे उक्त क्षेत्रो में जल–जमाव की समस्या है। " उक्त क्षेत्र में जल जमाव नाला के अवरूद्ध होने के कारण मामला नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित है।

अतः विषयांकित तारांकित प्रश्न संख्या–18 / 3 / 323 नगर विकास एवं आवास विभाग को स्थानांतरित किया जाता है तथा इसकी सूचना बिहार विधान सभा सचिवालय को भी अलग से दी जा रही है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

अनु0–यथोक्त्।

विश्वासभाजन

ह० / –

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25 / वि०स०प्र०(गो०)05–186 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के तारांकित प्रश्न संख्या–18 / 3 / 323 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25 / वि०स०प्र०(गो०)05–186 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25 / वि०स०प्र०(गो०)05–186 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०प्र०(गो०)05–186/2026– 3163 पटना, दिनांक– 20/07/2026

प्रतिलिपि –कार्यपालक अभियंता, आई0टी0सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/-
20.07.26
संयुक्त सचिव